प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 14.10.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- करीब दस करोड़ रूपये के इनामी शीर्ष नक्सली नेता भूपति सहित कुल इकसठ माओवादियों ने गढ़चिरौली में किया आत्मसमर्पण।

- मुख्यमंत्री ने सुशासन संवाद कार्यक्रम के दौरान कलेक्टरों से कहा कि जो भी नवाचार किए जाएं, उनमें लोगों की राय ली जाए।

- कोयला घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ विशेष अदालत में आठ हजार पन्नों का चालान पेश किया।

- मौसम विभाग के अनुसार उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से मानसून की हो चुकी है विदाई।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सली संगठन के शीर्ष नेता सहित इकसठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एम. वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ सोनू दादा भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार इस पर विभिन्न राज्यों में कुल दस करोड़ रूपये का इनाम घोषित था। भूपति लंबे समय से महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में सक्रिय था। जिन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, उनमें सीपीआई माओवादी की केंद्रीय समिति के एक सदस्य के साथ ही

इसकी डिवीजनल कमेटी के दस सदस्य भी शामिल हैं। इन इकसठ माओवादियों ने करीब पचास हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है।

इस बीच, बीजापुर जिले में माओवादियों ने भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम की हत्या कर दी है। मृतक मंडल कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा था।

## मुख्यमंत्री–मानक महोत्सव

विश्व मानक दिवस के अवसर पर आज रायपुर में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए और उन्होंने उपस्थित लोगों से मानकीकृत उत्पादों को बढ़ावा देने और भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस के प्रयासों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीआईएस द्वारा वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान कर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा रही है और इसके माध्यम से मिलावट तथा नकली वस्तुओं के कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिली है। श्री साय ने कहा कि गुणवत्ता और मानक ही आत्मनिर्भर भारत की पहचान है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानकों की स्थापना में विशेष योगदान देने वाले मानक क्लबों, संस्थाओं और मेंटर्स का सम्मान किया।

## मुख्यमंत्री–सुशासन संवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में 'सुशासन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जो भी नवाचार किया जाए, उनमें लोगों की राय ली जाए। श्री साय ने कहा कि नवाचार ऐसे हों जो दीर्घकालिक रूप से व्यवहारिक हों, नागरिकों की सुविधा बढ़ाएं और शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम को महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि सभी सेवाएं निर्धारित समय–सीमा में लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में देरी होने

पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ई–ऑफिस प्रणाली और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## विजय शर्मा–धर्मांतरण/चंगाई सभा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि धर्मांतरण के खिलाफ प्रदेश में जल्द ही कानून लाया जाएगा। श्री शर्मा ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंगाई सभा बंद होनी चाहिए, इससे लोग भ्रमित होते हैं।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन–कफ सिरप

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में निर्मित तीन मिलावटी कफ सिरप की पहचान की है, जिनमें कोल्ड्रिफ कफ सिरप भी शामिल है। चेतावनी दी गई है कि इस सिरप के गंभीर और जानलेवा बीमारियों का कारण बनने की आशंका है। संगठन ने दुनियाभर के अधिकारियों से आग्रह किया है कि अगर उनके देशों में इनमें से कोई भी उत्पाद पाया जाता है, तो वे एजेंसी को सूचित करें। संगठन ने कहा कि ऐसी दवाएं पांच साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ के विशिष्ट बैचों की प्रभावित दवाओं के रूप में पहचान की है।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले ही मध्यप्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दिशा–निर्देश जारी किया था, जिसमें बच्चों को लेकर अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया।

## सौम्या चौरसिया–चालान

कोयला घोटाला, डीएमएफ और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में तत्कालीन उप सचिव सौम्या चैरसिया के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने आज रायपुर की विशेष अदालत में आठ हजार

पन्नों का चालान पेश किया। इसके अनुसार सौम्या चौरसिया ने अपने परिवार और अन्य व्यक्तियों के नाम पर लगभग पैंतालीस अचल संपत्तियों में बेनामी निवेश किया है। जांच में यह भी प्रमाणित हुआ है कि सौम्या चौरसिया ने पद पर रहते हुए उनचास करोड़ उनहत्तर लाख रूपये से अधिक की अवैध कमाई की है।

**<u>जागरूकता शिविर</u>**

'आप की पूंजी, आपका अधिकार' जन–जागरूकता अभियान के तहत प्रदेश में इकतीस दिसंबर तक जिला स्तरीय जागरूकता और सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन प्रत्येक जिला कार्यालय में जिला अधिकारियों के नेतृत्व में किया जाएगा। अभियान के पहले चरण में सोलह अक्टूबर को रायपुर और बिलासपुर जिले में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में लोगों को बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन राशि प्राप्त करने के लिए डिजिटल हेल्पडेस्क और सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**<u>स्पोर्ट्स–कल्चरल–लिटरेरी–समापन</u>**

रायपुर के हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 'कोलॉसस : स्पोर्ट्स–कल्चरल–लिटरेरी' का समापन हो गया है। समापन समारोह में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष और कोलकाता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के विशिष्ट अतिथि राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम थे। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.सी. विवेकानंदन ने भी संबोधित किया।

तीन दिवसीय इस समारोह में खेल, संस्कृति और साहित्य के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**उद्‌भव कार्यक्रम–शुभारंभ**

रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह में "उद्‌भव" नामक अभिनव कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती राजवाड़े ने बालिका गृह में कंप्यूटर लैब का शुभारंभ कर लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। "उद्‌भव" कार्यक्रम इसी दिशा में एक अभिनव प्रयास है, जो हर बच्चे को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान के साथ सशक्त जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगा।

**जल शक्ति मंत्रालय–इंटर्नशिप**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज जनसंचार के क्षेत्र में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर रहे छात्रों या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में शोधार्थी के रूप में नामांकित छात्रों के लिए एक जनसंचार इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की है। मंत्रालय ने बताया कि इस इंटर्नशिप की अवधि छह से नौ महीने की होगी और इसके लिए चुने गए उम्मीदवारों को पंद्रह हज़ार रुपये प्रतिमाह का मानदेय दिया जाएगा। इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अगले महीने की चौबीस तारीख है।

**अंबिकापुर–हाथी विचरण**

अंबिकापुर के सीमावर्ती क्षेत्र महामाया पहाड़ में बीती रात से पैंतीस हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के दल ने खैरबार–अमेराडुगु में दो ग्रामीणों के घर को तोड़ दिया है। साथ ही फसलों को भी नुक़सान पहुंचाया है। वन विभाग का अमला हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**मौसम**

दक्षिण पश्चिम मानसून की प्रदेश से विदाई शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि तेरह अक्टूबर तक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई हो चुकी है। एक–दो दिनों में पूरे प्रदेश से मानसून विदा हो जाएगा।

**कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की न्यायिक रिमांड पंद्रह अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी गई है।

- दुर्ग स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत रिंगनी के आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह और 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत सास–बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाईमित्रों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण विषय पर आज से पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>